भारत सरकार

इस्पात मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2524

06 अगस्त, 2024 को उत्तर के लिए

सीएसआर निधि

2524. श्रीमती जोबा माझी:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत पांच वर्षों के दौरान स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (एसटी) में खर्च की गई कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) निधि का क्षेत्र-वार और शीर्ष-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा)**

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान सिंहभूम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र (एसटी) के अंतर्गत पश्चिम सिंहभूम जिला क्षेत्र में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) द्वारा प्रारंभ की गई सीएसआर परियोजनाओं पर किए गए व्यय का विवरण कंपनी अधिनियम, 2013 की अनुसूची VII के अंतर्गत आने वाली गतिविधियों के मामले में दिया गया है:

क्र.सं.	**कंपनी अधिनियम तथा नियमावली और अनुसूची VII के अनुसार सेल की सीएसआर परियोजनाएं**	**वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान सेल का सीएसआर व्यय (रू/करोड़ में लगभग)***
1.	शिक्षा	18.06
2.	स्वास्थ्य देखरेख	8.02
3.	खेल	4.39
4.	आजीविका-सृजन/कौशल विकास	2.32
5.	क्षमता निर्माण (प्रशासनिक ओवरहेड्स)	1.52
6.	ग्रामीण विकास	1.35
7.	महिला सशक्तिकरण	1.01
8.	पर्यावरण संधारणीयता	0.33
9.	सामाजिक सुरक्षा (वरिष्ठ नागरिक एवं दिव्यांग)	0.21
10.	पेयजल	0.15
11.	कला एवं संस्कृति	0.12
12.	परियोजना को चिन्हित करना	0.10
13.	स्वच्छता	0.07
	कुल	**37.65**

*इसमें वर्ष 2022-23 और वर्ष 2023-24 में सीएसआर खाते की अप्रयुक्त हस्तांतरित राशि शामिल है, जैसा कि कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 135 (6) के तहत अपेक्षित था।

******